डिप्टी सीएम ने इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### राहगीर से लूट, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर के बड़पारा क्षेत्र स्थित शराब भट्टी के पास एक युवक से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के महज 48 घंटे के भीतर आरोपियों को दबोचते हुए लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के अखोराखुर्द निवासी राजेश प्रसाद 16 जून को अपने मालिक के निजी कार्य से रायगढ़ आए थे। काम पूरा होने के बाद वे रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में भोजन कर बड़पारा क्षेत्र की ओर गए। इसी दौरान तीन युवकों ने उन्हें रोककर पैसों की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद उनकी जेब में रखे 100 रुपये और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### व्यापारी से ठगी, रायपुर के युवक पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा क्षेत्र में ऑनलाइन कारोबार के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक एल्युमिनियम व्यापारी को बाजार से कम कीमत पर माल उपलब्ध कराने का लालच देकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। आरोपी ने खुद को रायपुर का व्यापारी बताकर सौदा तय किया और एडवांस राशि मिलने के बाद संपर्क तोड़ दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड क्रमांक-7 निवासी विजय राणा एल्युमिनियम सेक्शन और ग्लास का व्यवसाय करते हैं। उनकी दुकान विजय एल्युमिनियम एंड ग्लास शॉप के नाम से संचालित होती है। 29 मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम मुकेश शर्मा बताते हुए रायपुर के भनपुरी स्थित एक फर्म का संचालक होने का दावा किया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बाजार दर से कम कीमत पर एल्युमिनियम सेक्शन उपलब्ध कराने की पेशकश की। आकर्षक दरों के कारण विजय राणा ने पांच बंडल एल्युमिनियम सेक्शन खरीदने की सहमति दी। दोनों के बीच करीब 1.24 लाख रुपये का सौदा तय हुआ। सौदा पक्का होने के बाद आरोपी ने भुगतान के लिए एक क्यूआर कोड और मोबाइल नंबर भेजा। यह नंबर शिवम कुमार नामक व्यक्ति के नाम पर बताया गया। आरोपी ने माल भेजने से पहले 50 हजार रुपये एडवांस जमा कराने की शर्त रखी। व्यापारी ने भरोसा कर बताए गए खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर माल लैलूंगा पहुंचा दिया जाएगा। हालांकि निर्धारित समय गुजरने के बाद भी न तो माल पहुंचा और न ही रकम वापस की गई।

### आरपीएफ की कार्रवाई में बढ़ोतरी, ढाई साल में 4 हजार से अधिक मामले दर्ज

# रेलवे अधिनियम के उल्लंघन के बढ़े मामले, 2 साल में 6 हजार से अधिक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्ष 2024 से लेकर मई 2026 तक रेलवे अधिनियम सहित रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम के तहत साढ़े 6 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई है। जिसमें 6 हजार से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बीते ढाई सालों में लगातार रेलवे अधिनियम के नियमों के उल्लंघन के मामले लगातार बढ़े हैं, हालांकि इन अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई भी की गई है।

आरपीएफ की अपराध तालिका के मुताबिक रेलवे संशोधित अधिनियम 2003 के तहत वर्ष 2025 में अब तक 4073 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि इन मामलों में 4081 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान करीब 14.24 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। केवल जून माह तक ही सैकड़ों मामलों में कार्रवाई दर्ज की गई है। वहीं रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम 1966 के तहत वर्ष 2025 में अब तक 14 मामले दर्ज हुए हैं तथा 35 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इन मामलों में बरामद संपत्ति की कीमत लगभग 7.04 लाख बताई गई है।

इसके अलावा अन्य अपराधों में वर्ष 2025 में अब तक 14 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बरामद संपत्ति का मूल्य लगभग 6.07 लाख दर्ज किया गया है। इसी प्रकार बीएनएस एवं बीएनएसएस से संबंधित अन्य अपराधों में वर्ष 2024 और 2025 में 2 मामले दर्ज हुए हैं जिसमे क्रमशः 2 और 3 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा एनडीपीएस अधिनियम के तहत भी कार्रवाई करते हुए 1 मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।




#### दो वर्षों में वसूले 26.80 लाख रुपए जुर्माना

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे अधिनियम 2003 के तहत की गई कार्रवाई के आंकड़े बताते हैं कि रेलवे परिसर और ट्रेनों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जा रही है। वर्ष 2024 और 2025 के दौरान हजारों लोगों पर कार्रवाई करते हुए 26 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है।

#### फैक्ट फाइल

| वर्ष | प्रकरण | आरोपी |
|---|---|---|
| 2024 | 2156 | 2157 |
| 2025 | 4073 | 4081 |
| 2026 | 2047 | 2041 |

#### 6 महीने में ही 2 हजार से अधिक प्रकरण दर्ज

वर्ष 2024 और 2025 में पूरे साल में जितना प्रकरण दर्ज किया गया था। उसकी तुलना में वर्ष 2026 मई माह तक ही 2 हजार 47 प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें 2 हजार 41 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आंकड़ों के अनुसार इन माह में की गई कार्यवाहियों में 4 लाख 57 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

# 1.77 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** शेयर बाजार में निवेश पर हर महीने 6 प्रतिशत मुनाफा और मूलधन सुरक्षित लौटाने का भरोसा देकर करोड़ों रुपये जुटाने वाले आरोपी विश्वजीत देवनाथ को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 13 से अधिक निवेशकों से करीब 1 करोड़ 77 लाख 10 हजार रुपये जुटाने और बाद में रकम वापस नहीं करने का आरोप है। मामले की शुरुआत दरोगापारा निवासी संजय मिश्रा की शिकायत से हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात विश्वजीत देवनाथ से हुई थी। विश्वजीत ने खुद को व्यवसायी और शेयर बाजार का जानकार बताते हुए निवेश पर हर महीने 6 प्रतिशत रिटर्न देने का दावा किया। साथ ही मूलधन भी धीरे-धीरे लौटाने का भरोसा दिलाया गया। आकर्षक रिटर्न के लालच में संजय मिश्रा ने बैंक से ऋण लेकर लाखों रुपये निवेश किए। शुरुआती दौर में आरोपी ने नियमित भुगतान कर निवेशकों का विश्वास जीत लिया। इसके बाद कई अन्य लोग भी उसकी योजना से जुड़ते चले गए। पुलिस जांच में सामने आया कि विश्वजीत देवनाथ ने संजय मिश्रा के अलावा विकास साहू, राकेश मनहर, रितेश साव, देव कश्यप, सुनील पाणिग्रही, शिशुपाल, कृष्णा पांडे, कृष्णा द्विवेदी, राकेश सरकार, लोचन पटेल, मनिल गुप्ता और अजय वर्मा समेत 13 से अधिक लोगों से कुल 1.77 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निवेश के नाम पर प्राप्त की थी। समय बीतने के साथ निवेशकों को तब संदेह हुआ जब आरोपी कथित शेयर ट्रेडिंग से जुड़े दस्तावेज, डीमैट खाते और निवेश संबंधी प्रमाण उपलब्ध नहीं करा सका।

# महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी की दीवार ढही, एक महिला सहित दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के प्लांटों में हादसों का दौर थम नहीं रहा है। गुरुवार की एक ऐसी घटना घटी की प्लांटों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। यहां ग्राम चिराईपानी स्थित महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी का स्टॉप क्वार्टर की दीवार इतनी कमजोर थी की तेज आंधी और हल्की बारिश भी सह नहीं सका और दीवार ढह गई। इस हादसे में एक गर्भवती महिला की जहां जान चली गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। याने जिले के औद्योगिक क्षेत्र पूंजीपथरा में गुरुवार शाम आई तेज आंधी और बारिश एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुई। चिराईपानी स्थित एक फैक्ट्री की दीवार ढहकर श्रमिक आवास पर गिर गई, जिससे मलबे में दबने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई, जबकि एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना को लेकर कांग्रेस ने भी जांच समिति गठित कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी और ओम रुपेश कंपनी एक-दूसरे से सटी हुई हैं। गुरुवार शाम तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान महालक्ष्मी कास्टिंग परिसर की एक बड़ी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और पास स्थित लेबर क्वार्टर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के समय क्वार्टर में मौजूद रंभा, उसकी बहन रिंकी यादव और रिंकी का पति सुनील यादव मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने जोरदार आवाज सुनते ही मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला गया और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान गर्भवती महिला रंभा की मौत हो गई, जबकि रिंकी यादव और सुनील यादव का इलाज जारी है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज आंधी और बारिश के कारण दीवार कमजोर होकर ढह गई। हालांकि यह भी जांच का विषय है कि दीवार निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा मानकों की अनदेखी तो नहीं हुई थी।



## मरीन ड्राइव निर्माण में हादसा, एजाक्स मशीन पलटने से चालक की मौत

**रायगढ़।** शहर की महत्वाकांक्षी मरीन ड्राइव परियोजना में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने निर्माण कार्यों में बरती जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए। केलो नदी से पानी भरने के दौरान एक एजाक्स मिक्सर मशीन असंतुलित होकर नदी किनारे पलट गई। हादसे में मशीन चला रहे 25 वर्षीय चालक की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और कार्य प्रणाली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विश्वनाथ नगेशिया उर्फ विजय 25 वर्ष निवासी चिंतापाली, जिला कोरबा के रूप में हुई है। वह मरीन ड्राइव निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार संजय केड़िया के अधीन मशीन चालक के रूप में कार्यरत था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे विश्वनाथ एजाक्स मिक्सर मशीन को केलो नदी के किनारे बने अस्थायी मार्ग तक लेकर गया था। निर्माण कार्य में उपयोग के लिए मशीन में पानी भरा जा रहा था। इसी दौरान ढलान वाले हिस्से में मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी की ओर पलट गई। अचानक हुए हादसे में चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और वह मशीन के नीचे दब गया। मौके पर मौजूद श्रमिकों और कर्मचारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल चालक को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे के बाद यह चर्चा भी शुरू हो गई कि इतनी गंभीर दुर्घटना के बावजूद पुलिस को तत्काल सूचना देने के बजाय पहले निजी अस्पताल ले जाया गया।

## छह साल पुराने हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब छह साल पुराने चर्चित हत्या और हत्या के प्रयास मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आरोपी शिव चरण पटेल, खुशी राम पटेल और मुकेश पटेल को हत्या के अपराध में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा हत्या के प्रयास के मामले में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार, थाना तमनार के को 2 दिसंबर 2020 की सुबह ग्राम दनौट निवासी मुरलीधर चौधरी और लक्ष्मीधर चौधरी अपनी मां को मायके से प्राप्त बंटवारे की जमीन का सीमांकन कराने पटवारी के साथ ग्राम रायपारा पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम कोटवार, गोविन्द पटेल तथा अन्य ग्रामीण भी मौके पर मौजूद थे और खेत की नाप-जोख की जा रही थी।इसी बीच आरोपी शिव चरण पटेल, खुशी राम पटेल और मुकेश पटेल लाठी-डंडों से लैस होकर वहां पहुंचे और जमीन नपवाने को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और गोविन्द पटेल, मुरलीधर चौधरी तथा लक्ष्मीधर चौधरी पर हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रायगढ़ रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही गोविन्द पटेल ने दम तोड़ दिया, जबकि दोनों घायल भाइयों का इलाज रायगढ़ में कराया गया।घटना की रिपोर्ट करन पटेल द्वारा थाना तमनार में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना की और पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने तीनों आरोपियों को गोविन्द पटेल की हत्या तथा मुरलीधर चौधरी और लक्ष्मीधर चौधरी की हत्या के प्रयास का दोषी पाया।न्यायालय ने आरोपियों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास, हत्या के प्रयास के मामले में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा उपहति कारित करने के अपराध में एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।






### स्कूल परिसर में दिया धरना, हनुमान चालीसा का पाठ कर किया प्रदर्शन

# कार्मेल कान्वेंट स्कूल में एबीवीपी का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कार्मेल स्कूल में में विद्यार्थियों द्वारा कलावा धारण करने और तिलक लगाने पर लगाए जा रहे प्रतिबंधों के विरोध में शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने इसे विद्यार्थियों की धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय बताते हुए तत्काल प्रतिबंध हटाने की मांग की है। वहीं स्कूल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ धरना देते हुए हनुमान चालीसा का पाठ कर अपना विरोध दर्ज कराया।

एबीवीपी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सनातन संस्कृति के प्रतीक माने जाने वाले कलावा और तिलक पर रोक लगाना विद्यार्थियों की धार्मिक आस्थाए सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक मान्यताओं का सम्मान नहीं करने के समान है। परिषद का कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी धार्मिक आस्था का पालन करने और उसका शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार प्राप्त है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विद्यालय शिक्षा और संस्कार का केंद्र होता है, इसलिए विद्यार्थियों की सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए ऐसा वातावरण निर्मित किया जाना चाहिए, जहां वे अपनी परंपराओं और पहचान के साथ आत्मविश्वासपूर्वक शिक्षा ग्रहण कर सकें। परिषद ने उम्मीद जताई है कि विद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की भावनाओं और उनके संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेगा। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस संबंध में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थियों के हितों और धार्मिक.सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के लिए एबीवीपी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इन दौरान कार्मेल स्कूल में करीब 2 घंटे तक काफी विरोध होता देखा गया। छात्र संगठन ने स्कूल प्रबन्धन के द्वारा जारी इस तुगलकी फरमान के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया ए साथ ही वे लिखित आश्वासन पर अड़े रहे। इस बीच प्रिंसिपल और छात्र संगठन के पदाधिकारियों के बीच काफी नोंकझोंक भी हुई।





# द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज, काजल और श्रेयस उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। द इंडिया स्टोरी फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है।

## लाइफ Style



# अदा
## मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम

अभिनेत्री अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में एक्टिंग का जादू बिखरने को तैयार हैं। उनकी पहली मराठी फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ गया है। 'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका ऐलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन की शक्तियां आउट ऑफ कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो के लिए 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने गुरुवार 18 जून की सुबह हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें टॉम हॉलैंड पर्दे पर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन बनकर लौट रहे हैं। 2 मिनट 35 सेकेंड के इस ट्रेलर में हमें 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' की घटनाओं के बाद की झलक मिलती है। लेकिन, सबसे अधिक चौंकाने वाला सीन वो है, जहां हम स्पाइडर-मैन को ब्रूस बैनर यानी हल्क से भिड़ते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे पीटर खुद को पहले से ज्यादा मुश्किल हालात में धकेलता है, उसकी शक्तियां आश्चर्यजनक तरीकों से बदलने लगती हैं।



# उम्मीदों पर खरी उतरेगी अवेंजर्स डूम्सडे

**लॉस एंजिल्स।** रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो पहले एमसीयू फिल्मों में टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्सः एंडगेम' के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्सः इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्सः एंडगेम' जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है।



# दायरा की पहली झलक आई सामने...

**नई दिल्ली।** सैम बहादुर और राजी जैसी शानदार फिल्में बनाने वालीं निर्देशक मेघना गुलजार आने वाले समय में फिल्म दायरा से दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से दायरा की चर्चा चल रही है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान और साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे कलाकार अहम किरदार में मौजूद हैं। गुरुवार को दायरा फिल्म की पहली झलक बीटीएस वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर सामने आई है। अभिनेता पृथ्वीराज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दायरा का एक लेटेस्ट बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनके साथ करीना कपूर भी लेडी पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में मौजूद हैं। दायरा के इस बीटीएस वीडियो से कन्फर्म होता हो कि ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



# मुसीबत में फंसे लोगों को बचाते दिखे सनी

**मुंबई।** आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज होने के अगले ही दिन मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। बंटवारे की त्रासदी को दिखाते हुए बैकग्राउंड में आवाज चल रही है, 'हिंदुस्तान, जिसे बड़े संघर्ष और कुर्बानियों के बाद 200 साल की गुलामी से आजादी तो मिली, मगर अफसोस कि मुल्क का बंटवारा हो गया। मजहब के नाम पर इंसानियत की हत्या हो रही थी'। इसके बाद टीजर में बंटवारे के वक्त के उन दिल दहला देने वाले दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है। बैकग्राउंड आवाज आमिर खान की है। बंटवारे के वक्त के मार्मिक सीन हैं। हर तरफ खून-खराबा है। विभाजन के हाहाकार वाले मंजर के बीच सनी देओल की एंट्री होती है। इसी के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल और अली फजल की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला

# भक्ति में डूबे 'तारक मेहता के' मिस्टर अय्यर, जमीन पर बैठ बजाया मजीरा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाने वाले तनुज महाशब्दे का एक वीडियो चर्चा में हैं, जिसे देख फैंस हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में तनुज महाशब्दे एक भजन संध्या में लीन नजर आ रहे हैं। वह आम लोगों के बीच जमीन पर बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं और कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। तनुज महाशब्दे साथ ही मजीरा भी बजा रहे हैं। उनका यह अंदाज और आध्यात्म वाला रूप देख फैंस मुरीद हो गए हैं। मालूम हो कि तनुज महाशब्दे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाते हैं, जोकि एक साउथ इंडियन किरदार है। वह शो में बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता के पति बने हैं।



हालांकि, असल जिंदगी में तनुज महाशब्दे न तो साउथ इंडियन हैं और ना ही उनकी शादी हुई है। वह 45 साल के हैं और मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले हैं। तनुज महाशब्दे मराठी परिवार से हैं। शादी न होने की वजह के बारे में तनुज महाशब्दे ने कहा था कि इसकी वजह उन्हें पता नहीं है, पर वह असल जिंदगी के पोपटलाल हैं, जिनकी शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, उम्मीद जताई थी कि उन्हें जल्द ही अच्छा लाइफ पार्टनर मिल जाएगा। तनुज महाशब्दे ने एक बार एक इंटरव्यू में बताया था कि मिस्टर अय्यर के रोल के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की थी। तनुज ने बताया था कि उन्होंने साउथ इंडियन स्टाइल में न सिर्फ लुंगी बांधना सीखा, बल्कि चेन्नई जाकर साउथ इंडियन लोगों के बीच कुछ समय तक रहे भी थे। उन्होंने उनकी तरह ही बोलना, उठना-बैठना और चलने का तरीका भी सीखा।

## नागिन की चमकी किस्मत

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते की भी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 जून को टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है। पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी जी टीवी का शो गंगा मां की बेटियां नंबर 1 पर बना हुआ है। इस शो की टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर जीटीवी का ही शो वसुधा है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर 2 पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तकः पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी नंबर तीन पर जीटीवी का सो तुम से तुम तक है। शो की इस हफ्ते की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। कलर्स के शो नागिन 7 की इस हफ्ते किस्मत चमकी है। ये शो पिछले हफ्ते नंबर 12 पर था और इस हफ्ते शो नंबर चार पर आ गया है। शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 5वें नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है।



# 'दीवाने हैं' गाने में अक्षय रवीना का वही पुराना जादू

**मुंबई।** फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया और मजेदार गाना 'दीवाने हैं' रिलीज हो चुका है, जिसमें अक्षय कुमार और रवीना की जोड़ी को देखकर लोग पुरानी यादों में खो गए हैं। इस गाने को मुख्यमंत्री देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और आनंद राज आनंद ने गाया है। माना जा रहा है कि ये गाना दर्शकों दर्शकों के दिलों में बसी पुरानी यादों को फिर से तरोताजा कर देगा। कश्मीरी लोक गीत 'रक्षिदा रक्षिदा' के शानदार मेल से सजे इस जोशीले गाने में अक्षय कुमार के साथ रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी दिख रही है। इस गाने में रवीना के साथ अक्षय कुमार की केमिस्ट्री सभी को गुदगुदा रही है। ये गाना हर तरह से लोगों को नोस्टैलजिक फील दे रहा है। लोगों ने कहा है- एक बार फिर इनके रोमांस के वो पुराने किस्से दिमाग में घूमने लगे। वहीं फिल्म में इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट शामिल है, जिसमें अक्षय और रवीना के अलावा जैकलीन, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी,अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने फिल्म में खास भूमिका निभाई है। बताते चलें कि फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में में हैं, जो अपने आइकॉनिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला और स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बिहार का वो लोकगीत, जो सलमान के कॅरियर का बना बड़ा गाना, शारदा को मिली थी 56 रुपए फीस

**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोकगीतों के साथ-साथ फिल्मों में भी कई यादगार और सदाबहार गीत दिए हैं। एक ऐसा ही गीत उन्होंने सलमान खान की फिल्म में भी दिया जो उनके करियर का कल्ट लव सॉन्ग बन गया।

***37 साल बाद भी बना हुआ है कल्ट :*** खास बात यह है कि यह गाना सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए बनाया गया था और दिलचस्प पहलू ये है कि शारदा सिन्हा ने भी इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपना संगीत डेब्यू किया था। भले ही यह गाना 37 साल पहले बना हो लेकिन यह आज भी बॉलीवुड के कल्ट लव सॉन्ग में से एक बना हुआ है। इस कल्ट लव सॉन्ग में भोजपुरी के लिरिक्स सीधा दिल को छूते हैं और शारदा सिन्हा की आवाज इसे सुरमय बनाती है। गाने के लिरिक्स फिल्म की कहानी पर एकदम फिट बैठते हैं और इसे फिल्म के हीरो हीरोइन सलमान खान और शारदा सिन्हा पर फिल्माए गए हैं। यह गाना है- कहे तोसे सजना।



### रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी फिल्म ने

1989 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मैंने प्यार किया को 1 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। डेब्यू फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 रुपएदिए गए थे। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी की शारदा सिन्हा को यह कल्ट गाना बनाने के लिए सिर्फ 56 रुपए की फीस मिली थी। हालांकि, शारदा सिन्हा कुछ ही फिल्मों में काम करने के बाद लोक गीतों की ओर रूख कर लिया था। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर का मशहूर गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया भी गाया था।

## रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां वीकेंड को बनाएंगी रोमांचक

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।*** *19 जून के दिन ओटीटी और थिएटर्स में कई सारी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी इस वीकेंड कुछ मजेदार देखने का प्लान बना रहे हैं, तो अपनी पॉपकॉर्न की बाल्टी तैयार रखिए। एक तरफ जहां बड़ी - बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बंद कमरों के रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां आपका वीकेंड रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं।*

### ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2

पहले सीजन में शानविका और कुलदीप अलग हो गए थे। कुलदीप को लगा कि शानविका ने उसे धोखा दिया। ऐसे में कुलदीप ने सिर्फ शानविका से ही नहीं, बल्कि उसके पति और उसके परिवार से भी बदला लिया। अब दूसरे सीजन में शानविका, कुलदीप को जवाब देगी। ओटीटीः जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांस, रिवेंज थ्रिलर, लीड एक्टर्स - संचिता बसु और धवल ठाकुर।

### वॉयसमेल्स फॉर इसाबेल

ये एक ऐसी इमोशनल कहानी है जिसमें बहन को खोने के गम को कम करने के लिए एक महिला अपनी बहन के पुराने नंबर पर वॉयस मैसेज छोड़ती है। लेकिन वह नंबर अब एक अजनबी को मिल चुका होता है, जो धीरे-धीरे उन मैसेजेस को सुनकर उस महिला की आवाज से प्यार करने लगता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः जोई ड्यूच और निक रॉबिन्सन।




### हसबैंड्स इन एक्शन

जब एक महिला का अपहरण हो जाता है, तो उसे बचाने के लिए उसके एक्स पति को उसके पति से हाथ मिलाना पड़ता है। दोनों को अपनी आपसी कड़वाहट भूलकर एक साथ मिलकर एक अजीब और मजेदार रेस्क्यू मिशन पर निकलना पड़ता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः एक्शन, कॉमेडी, लीड एक्टर्सः जिन सेओन-क्यू, गोंग म्युंग।

### सेव द टाइगर्स 3

शादीशुदा जिंदगी से परेशान रहने वाले तीन दोस्त- रवि, राहुल और विक्रम एक बार फिर वापस आ गए हैं। इस सीजन में उनकी रोज-रोज की घरेलू शिकायतों से परेशान होकर खुद भगवान इंद्र धरती पर आते हैं और उनका एक अनोखा टेस्ट लेते हैं, जिससे कहानी में कॉमेडी के साथ-साथ मजेदार फैंटेसी का तड़का लगता है। ओटीटीः जियोहॉटस्टार, जॉनरः कॉमेडी, ड्रामा, फैंटेसी,लीड एक्टर्सः प्रियदर्शी, चैतन्य कृष्णा, अभिनव गोमतम।

### हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं

शोले फिल्म के असरानी के मशहूर डायलॉग पर आधारित ये फिल्म एक डार्क मर्डर मिस्ट्री है। इसकी कहानी उत्तराखंड के पहाड़ों में सेट है, जहां एक पारिवारिक विवाद धीरे-धीरे खूनी खेल में बदल जाता है। जॉनरः क्राइम थ्रिलर / सस्पेंस, लीड एक्टर्सः असरानी, जरीना वहाब, मुश्ताक खान, मिलिंद गुनाजी।

### कॉकटेल 2

साल 2012 की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' के सीक्वल में आज के दौर के दोस्ती, उलझे हुए रिश्तों और दिल टूटने की कहानी को एक नए और स्टाइलिश अंदाज में पेश किया जाएगा। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन

### समर्पित

ये एक बहुत इमोशनल और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो एक पिता के अपने बच्चों के प्रति बिना किसी शर्त के प्यार, त्याग और उनके भविष्य को संवारने के लिए किए गए संघर्षों को बड़े पर्दे पर दिखाती है। जॉनरः इमोशनल ड्रामा, लीड एक्टर्सः अंकित यादव, जया भट्टाचार्य।

### टॉय स्टोरी 5

डिज्नी और पिक्सर की इस मशहूर फ्रेंचाइजी के पांचवें पार्ट में वुडी, बज लाइटइयर और उनके दोस्तों की टोली का सामना आज के जमाने के सबसे बड़े विलेन से होने वाला है। इस बार विलेन बच्चों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आईपैड और मोबाइल स्क्रीन्स की लत हैं। जॉनरः एनिमेटेड / एडवेंचर।



## खबर संक्षेप

### आलोक ने जिले का बढ़ाया मान



रायगढ़। तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम करमागढ़ निवासी आलोक कुमार शर्मा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित ज्यूडिशियल असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आलोक के पिता का नाम परमानंद शर्मा है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। आलोक कुमार शर्मा इससे पूर्व भी व्यापम द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त इसी वर्ष अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जामिनेशन में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। मूलतः ग्राम करमागढ़, तमनार के निवासी आलोक कुमार शर्मा वर्तमान में पंचायत संचालनालय में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

रायगढ़। आदिवासी विकास विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026.27 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन के नवीनीकरण हेतु 20 जून तथा नवीन आवेदन हेतु 1 अगस्त 2026 से पोर्टल प्रारंभ किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी।

### 20 जून तक होगा पंजीकरण शिविर

सारंगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के विकास केए जनकल्याण के कार्यक्रम के 20 जून तक पंजीकरण शिविर का आयोजन सारंगढ़ के मंडी प्रांगण, बरमकेला के मंगल भवन में सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक और बिलाईगढ़ के वार्ड 6 में स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएन स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही किया जाएगा। यह शिविर, केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। इन शिविरों में मुख्य रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीकरणए त्रुटि सुधार और समस्याओं का त्वरित निवारण संबंधी कार्य किया जाएगा।

## घरघोड़ा-लैलूंगा मार्ग की 23.90 किमी निर्माण को 1786.18 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

# वित्त मंत्री ओपी के प्रयासों से लैलूंगा घरघोड़ा मार्ग की मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के विकास को नई गति देते हुए राज्य शासन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिले के घरघोड़ा-लैलूंगा राज्य मार्ग क्र 17 के किमी 55/10 से किमी 79/10 तक 23.90 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 1786.18 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। प्रस्तावित मार्ग की कुल लंबाई 23.90 किमी और कैरिज.वे चौड़ाई 7.00 मीटर रखी गई है। यह मार्ग राज्य मार्ग क्र. 17 के अंतर्गत आता है। यह स्वीकृति वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से मिली है। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के लगातार प्रयासों और रायगढ़ जिले के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति मिली है। स्वीकृति के बाद क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है।

जिले की जनता अब यह महसूस करने लगी है कि विकास हेतु भापा को को दिया गया एक.एक वोट सार्थक साबित हो रहा है। इस स्वीकृति से सड़क मार्ग का नवीनीकरण होगा जिससे आस पास के गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और विकास को बल मिलेगा। व्यापारिक गतिविधियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।



### सड़क निर्माण से किसान व्यापारी सबको होगा फायदा

इस सड़क के निर्माण से घरघोड़ा और लैलूंगा विधान सभा के ग्रामीण अंचलों की कनेक्टिविटी सीधे जिला मुख्यालय रायगढ़ से बढ़ेगी। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के आवागमन की सुविधा सुगम होगी। स्कूल.कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिलेगी। किसान अपनी उपज मंडी तक आसानी से पहुंचा सकेंगे और ग्रामीण उत्पादों की बाजार तक पहुंच बढ़ने से स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी।

## भूमिदान की सरकारी जमीन कौड़ियों के दाम बेची, 90 टुकड़ों में अवैध पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

नगर पंचायत सरसीवा के अंतर्गत सरकारी नियमों और काश्तकारों के हितों को ताक पर रखकर भूमिदान की बेशकीमती जमीन को अवैध रूप से बेचने और उसका नामांतरण कराने का एक बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। राजस्व नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए भू-माफियाओं द्वारा बिना किसी सक्षम अनुमति के इसे अंजाम दिया गया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

मामले का खुलासा करते हुए स्थानीय निवासी सुनील शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत सरसीवा तहसील सरसीवा के अंतर्गत मूल खसरा नंबर 253 की कुल भूमि पूर्व में निर्धन काश्तकारों को भूमिमिदान के रूप में शासकीय प्रावधानों के तहत आवंटित की गई थी। वर्तमान में इस मूल खसरा नंबर के कुल 90 उप.खंड खसरा नंबर 253/1 से 253/90 दर्ज हैं। राजस्व नियमों एवं शासकीय शर्तों के अनुसार ऐसी दान में प्राप्त भूमियों के किसी भी प्रकार के हस्तांतरण, क्रय विक्रय या अदला बदली से पूर्व कलेक्टर की विधिवत अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य कानूनी बाध्यता है। लेकिन आरोप है कि भू.माफियाओं ने संबंधित विभागों की मिलीभगत से बिना किसी सक्षम प्रशासनिक अनुमति के इस बेशकीमती भूमि के टुकड़ों की धड़ल्ले से खरीदी.बिक्री कर ली। इतना ही नहींए बिना किसी जांच.पड़ताल के इनका पंजीयन रजिस्ट्री और नामांतरण म्यूटेशन भी आनन.फानन में कर दिया गयाए जो सीधे तौर पर वैधानिक धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

शिकायतकर्ता सुनील शर्मा ने बताया कि इस पूरे अवैध कारोबार की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से की गई है। परंतु हफ्तों बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। कोई कार्यवाही न होने के कारण भू.माफियाओं के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कड़ा एक्शन नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों की प्रमुख मांगें हैं। इसमें खसरा नंबर 253 के सभी 90 टुकड़ों के क्रय, विक्रय की उच्च स्तरीय, विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## डिप्टी सीएम ने इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

रायगढ़। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान पुसौर विकासखंड के ग्राम लोहरसिंग में बन रहे इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्थल का निरीक्षण किया। वहां कुछ दिनों पहले ही इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, स्टॉफ-रूम एवं पहुंच मार्ग का काम शुरू हुआ है। श्री साव ने कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ इसका निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- 91 करोड़ से अधिक की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

रायगढ़ में 91 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 34 एकड़ में इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। यहां फुटबॉल, एथलेटिक्स, इनडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, हॉकी और तीरंदाजी सहित 18 खेलों की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को प्राक्कलन के अनुसार समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने रायगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहायक संचालक प्रतिमा सागर को जिले में खेल संघों का गठन कर इनके माध्यम से खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-समय पर इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले रायगढ़ जिले के खिलाड़ियों को विशेष रूप से सहयोग प्रदान करने के भी निर्देश दिए।



**मिलेगी बेहतर सुविधाएं:** उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि यह आधुनिक खेल परिसर रायगढ़ और पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। हमारा लक्ष्य ऐसा विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना विकसित करना है, जहां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं हो सके। यह सर्वसुविधायुक्त इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिले में खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, रायगढ़ नगर निगम के आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्री और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अमित कश्यप निर्माणाधीन इंटिग्रेटेड स्पोर्ट्स स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

### अमलीपाली में पानी की समस्या दूर, महिलाओं को मिली राहत



रायगढ़। विकासखंड पुसौर के ग्राम अमलीपाली, ग्राम पंचायत आमापाली में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। 96 परिवारों और 324 की आबादी वाले इस गांव में कभी पेयजल की गंभीर समस्या थीए लेकिन आज घर.घर नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या आसान हुई हैए स्वास्थ्य में सुधार आया है और महिलाओं को नई ऊर्जा के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। ग्राम अमलीपाली में पहले स्वच्छ और पर्याप्त जल स्रोतों की कमी के कारण ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं को घरेलू कार्यों के साथ पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त समय और श्रम देना पड़ता था। पानी की अनिश्चित उपलब्धता के कारण कई बार लोगों के अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित होते थे।

## कलेक्टर ने 45 ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन करने के दिए निर्देश

सारंगढ़। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर सरपंचों, सचिवों एवं स्वच्छता दीदियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्रामों के निर्माण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को मजबूत करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से जिला के नोडल अधिकारी मोनिका सिंहए राज्य सलाहकार तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ. रुपेश राठौर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण की प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर जनभागीदारी एवं नियमित निगरानी से स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहींए बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रथम चरण में चयनित 45 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को अक्टूबर 2026 तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 16 को राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

पुरानी बस्ती में श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का 5 दिवसीय धार्मिक महोत्सव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे मुख्य अतिथि खरसिया के पुरानी बस्ती स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर धर्मादा ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्री राधा कृष्ण जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 12 जुलाई से 16 जुलाई तक भव्य स्तर पर किया जाएगा।

इस धार्मिक अवसर पर विविध पूजा.अर्चनाए वैदिक विधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। सांसद राधेश्याम राठिया को दिया गया औपचारिक आमंत्रण, कार्यक्रम में सहभागिता का किया अनुरोध। इसी क्रम में रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया को आयोजन समिति द्वारा औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, धार्मिक महत्व एवं जनभागीदारी से अवगत कराते हुए महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। सांसद ने भी आयोजन की गरिमा को देखते हुए सकारात्मक रुख दिखाया। मुख्य दिवस 16 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे शामिल दोपहर 2 बजे निर्धारित आगमन। कार्यक्रम के मुख्य दिवस 16 जुलाई को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन प्रस्तावित है। वे दोपहर 2 बजे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर श्री राधा कृष्ण जी की विग्रह स्थापना के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक एवं धार्मिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस आयोजन के लिए सांसद जी को आमंत्रण दे रहे सदस्य गण में प्रमुख रूप से महेश साहू, संतोष राठौर राधा कृष्ण मंदिर धर्मदा ट्रस्टी अध्यक्ष, बलदेव कुर्रे जिला पंचायत सदस्य, शशिकांत राठौर, रविंद्र गवेल, सतीश अग्रवाल, रमेश राठौर, हितेश सोनू द्विवेदी, डमरूधर राठौर, राजेश राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।



### यूरिया की कोई कमी नहीं, समितियों में 85 प्रतिशत से अधिक भंडारण

रायगढ़। खरीफ मौसम को देखते हुए जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों में उर्वरकों का भंडारण सुव्यवस्थित ढंग से किया गया है ताकि किसानों को खेती.किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि जिले में यूरिया की कुल मांग 17,500 मीट्रिक टन के विरुद्ध 14,988 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जो कुल मांग का 85,65 प्रतिशत है। जिले में यूरिया की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही यूरिया के वैकल्पिक उर्वरक के रूप में नैनो यूरिया का भंडारण भी सहकारी समितियों में प्रारंभ कर दिया गया है। डीएपी उर्वरक की मांग 7,800 मीट्रिक टन के विरुद्ध वर्तमान में 2,256 मीट्रिक टन उपलब्ध है। वहीं किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके एवं एसएसपी उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। जिले में एनपीके उर्वरक की उपलब्धता 103,07 प्रतिशत तथा एसएसपी की उपलब्धता 92,14 प्रतिशत है।

## शाउमावि चांदमारी में सुव्यवस्थित संचालन के लिए हुई बैठक

रायगढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में शुक्रवार को को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुव्यवस्थित संचालन हेतु प्राचार्य भरत लाल नामदेव के आदेशानुसार उनकी अध्यक्षता में चांदमारी परिसर अंतर्गत रविशंकर प्राथमिक शालाए पूर्व माध्यमिक शाला व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी के समस्त शिक्षक एवं सहयोगी स्टाफ की बैठक ली गई।

प्राचार्य भरत लाल नामदेव व संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खाण्डे के निर्देश अनुसार प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने बैठक के बिंदुओं यथा.शालाप्रवेशोत्सव एवं विगत दिवस में शाला में संपन्न हुए कार्यक्रम की समीक्षा, नवीन विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन, 21 जून को योग दिवस मनाए जाने, पौधरोपण, निष्ठापूर्वक प्रदत्त प्रभार निर्वहन, सीजीवीएसके में आनलाइन उपस्थिति, यूडाइस प्रोग्रेसन, पुस्तक गणवेश वितरण, विद्यार्थियों के स्तर आकलन, पंजी संधारण एवं रख.रखाव को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात गृह.कार्य की जांच, मध्याह्न भोजन के समय भोजन मंत्र, अवसान समय 03 प्रार्थना मंत्र का वाचन करवाने, कठिन विषयों का स्थानीय बोली में सरल कर पढ़ानेए परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने, शिक्षक का व्यक्तित्व विकास, विद्यार्थियों का समग्र विकास करना, पुस्तकालय, छात्रवृत्ति, अनसालव्ड पेपर, ब्लूप्रिंट के अनुसार अध्यापन कराना की चर्चा की गई।



### 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि आज

सारंगढ़। उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों क्रो जहां 5वी की पढ़ाई में शामिलए वे उस स्कूल में 20 जून तक आवेदन पत्र जमा करना होगा। आवेदन पत्र प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।चयन के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर 05 जुलाई 2026 को दिन रविवारए समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जायेगा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व नाम, जवाहर उत्कर्ष है, जिससे ग्रामीणों क्षेत्रों में अध्ययनरत एसटी एसी वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए है जो प्राइवेट स्कूलों में छठवीं से बारहवीं तक निशुल्क शिक्षा, हॉस्टल और भोजन प्राप्त कर सकेंगे।

### आज और कल जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

सारंगढ़। राजस्व आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार और रविवार क्रो जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री शनिवार क्रो दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सारंगढ़ आएंगे और 1:30 बजे शासकीय हाईस्कूल गोडम में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण में शामिल होंगे। शाम 4:30 बजे कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस सारंगढ़ में करेंगे। इसी प्रकार मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा रविवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 6 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणको और सुपरवाइजरों का तहसीलदार द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह मुख्य रूप से प्रथम चरण मकान सूचीकरण और भवन गणना की सफलए त्रुटि रहित और समय सीमा से पूर्व समापन के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए।

विदित हो कि विगत दिनों राष्ट्रीय सेवा जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण का सफलता पूर्वक सरिया तहसील के ग्रामीण से 13 एवं शहरी क्षेत्र के 3 सर्कल में विभक्त 2 चार्ज अधिकारी 2 फील्ड प्रशिक्षकए सभी पटवारी एवं 16 सुपरवाइजर तथा 90 प्रगणकों सहित अमन प्रधान एमनोज साहू ऑन लाइन कंप्यूटर प्रभारी के रूप में तहसील सरिया अंचल के शासकीय कर्मचारी अधिकारियों ने अपने कुशल दायित्व का निर्वहन करते हुए कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन कर निर्धारित समय पूर्व अपने लक्ष्य की पूर्ति किया। जिसके बाद सरिया तहसीलदार कोमल साहू एवं नगर पंचायत सरिया सीएमओ लालसिंह मरकाम ने अंचल के सभी सुपरवाइजरों, प्रगणको, एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर दोनों चार्ज अधिकारी ने कहा कि इस भीषण तड़पती धूप में भी आप सभी ऊर्जावान सुपरवाइजर एवं प्रगणक साथियों ने घर घर डोर टू डोर जाकर सरिया सहित तहसील के सभी 72 गांवों में इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य योजना का निर्धारित समय पूर्व किया तथा मकानसूचीकरण सहित नजरी नक्शा निर्माण कार्य सफलता पूर्वक निष्पादन किया है। निश्चित तौर पर आप सभी बधाई के पात्र हैं।




## कोरवा परिवारों को गांव में ही मिल रही सुविधा

# सुदूर अंचल तक पहुंच रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के दूरस्थ और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह ;पीवीटीजीद्ध बहुल क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में आयुष विभाग की आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रभावी भूमिका निभा रही है। दुर्गम अंचलों में रहने वाले बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों तक घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर यह पहल ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम बन रही है।

इसी क्रम में विकासखंड लैलूंगा के पीवीटीजी बहुल ग्राम झगरपुर में आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 64 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। लाभान्वित मरीजों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के 26 बिरहोर तथा 14 पहाड़ी कोरवा समुदाय के सदस्य शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न सामान्य एवं मौसमी बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया। ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैलीए स्वच्छता और रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी भी दी गई। आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ गांवों में नियमित रूप से पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाओं से अब जनजातीय परिवारों को उपचार के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है। गांव में ही जांच, परामर्श और दवा उपलब्ध होने से समय पर उपचार सुनिश्चित हो रहा है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ रहा है।




DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त